Dainik Tribune

केनरा एचएसबीसी ओबसी लाइफ इंश्योरेंस का इंश्योरेंस सिमुलेटर : केनरा-एचएसबीसी-ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने लाइफ इंश्योरेंस सिमुलेटर (एलआईएस) पेश करने का ऐलान किया है। इसका मकसद ग्राहकों को फाइनेंशियल प्लानिंग के महत्व से वाकिफ कराना है। एलआईएस वित्तीय आवश्यकताओं का आकलन करने वाला एक अंतरसक्रिय साफ्टवेयर है, जो ग्राहकों के कुछ सामान्य कदमों से यह आकलन कर सकता है कि उनकी प्रत्येक आवश्यकता के लिए उन्हें कितने पैसों की आवश्यकता है और यह भी कि उनकी मौजूदा बचत और निवेश इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त हैं कि नहीं।